
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
शिकायत निवारण प्रकोष्ठ
(Student's Grievance Cell)
डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, प्राचार्य मो. 9424110784
drsushilchandratiwari@gmail.com
डॉ. अमिता सहगल, नोडल अधिकारी मो. 9425211964
amitasehgal21@gmail.com
डॉ. ऋचा ठाकुर, छात्रसंघ प्रभारी मो. 9425213144
richa.jyotindra@gmail.com


शास. डॉ. वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति
1. डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े 9009960097 संयोजक
2. डॉ. ऊषा चंदेल 9424118553 सदस्य
3. डॉ. साधना पारेख 9424108451 सदस्य
4. डॉ. सुनीता गुप्ता 9425555460 सदस्य
5. श्रीमती किरण साहू 7999592886 सदस्य
टीप : शिकायत हेतु सदस्यों के दिये गये मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।


शास. डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ. ग.)
एंटी रैगिंग एवं अनुशासन समिति
नाम मो.नं. पद
डॉ. अनिल जैन 9300556456 संयोजक
डॉ. अमिता सहगल 9425211964 सदस्य
डॉ. अल्का दुग्गल 9926123522 सदस्य
डॉ. निसरीन हुसैन 9630817383 सदस्य
डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े 9009960097 सदस्य
डॉ. मिनाक्षी अग्रवाल 9425556971 सदस्य
डॉ. लता मेश्राम 9993530700 सदस्य
श्री योगेन्द्र त्रिपाठी 9425560566 सदस्य


Convener
Dr RESHMA LAKESH
7987701719
Members
Dr. SUSHMA YADAV
98934-15886
JYOTI BHARNE
98271-93844
Dr . LATA MESHRAM
99935-30700
Women Cell
Facilitation of gender sensitive and congenial working and studying environment, so that women at work place or students at study place are not subjected to gender specific discrimination or sexual harassment.
Any unwelcome sexually determined behaviour (physical, verbal or any other form) which violates a women's dignity and interferes with her ability to operate freely.
Lodge A Complaint
Any women employee academic/non academic ( including contractual,casual and temporary) or any female student can personally approach/ telephone / write / e-mail to the CONVENER of the WOMEN CELL
The name of the Complainant will be kept CONFIDENTIAL.
Each such incident ( of harassment ) results in violation of the fundamental rights of "gender equality "and the rights to life and liberty". It is a clear violation of the rights under Articles 14,15 and 21 of the Constitution.
Such violations,therefore, attract remedy under Article 32 for the enforcement of these fundamental rights of women.
The Role Of Women Cell
To ensure that appropriate action is taken against the offender.
To ensure that victims and the witnesses are not victimised or discriminated because of their complaint.
To take proactive measures towards sensitisation of the GDWWPGPGC .Durg Community on gender issues and so that GDWWPGPGC .Durg is an excellent work place and study place for all.




SAY NO TO
RAGGING
YES TO
JOYFULCAMPUS
What is Ragging?
MHRD


Suggestion/
Complaint
Box
LETTERS


Student
Help Desk




GIRLS COMMON ROOM




मेडिकल सेंटर

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम—शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788—2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 27.08.2020

प्रेस विज्ञप्ति

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बाजी मारी

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण काउंसिल के तत्वाधान में रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'यूथ एंगेजमेन्ट फॉर ग्लोबल एक्शन' के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कोविड के कारण वर्चुअल प्रतियोगिताएँ करायी गयी। जिसमें प्रदेश के 243 छात्र—छात्राओं ने सहभागिता दी।

यूथ रेडक्रॉस इकाई की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि चार श्रेणी में ये प्रतियोगिताएँ हुई जिसमें मॉस्क डिजाईनिंग, पेंटिंग, शार्ट विडियो एवं एनीमेशन से संबंधित थी।


गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मॉस्क डिजाईनिंग में बी.एससी. गृहविज्ञान की कु. आरती यादव ने तथा एनीमेशन से संबंधित प्रतियोगिता में बी.एससी. भाग—2 की निकिता साहू ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने तथा प्राध्यापकों ने बधाई दी है। रेडरिबन की गतिविधियों में उल्लेखनीय भूमिका के लिए गर्ल्स कॉलेज इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है।


कु. आरती यादव


कु. निकिता साहू



मॉस्क डिजाईनिंग



एनीमेशन

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.09.2020

## प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
# वर्चुअल शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में कोरोना संक्रमण काल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष वर्चुअल तरीके से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया।

यूजीसी द्वारा द्वारा इस वर्ष **'शिक्षक हमारे प्रेरणास्त्रोत'** और **'भारत के शिक्षक'** विषय पर आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे। ऑनलाइन आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ दीपक कारकून थे। जिन्होंने कहा कि यह समय धैर्य बनाये रखने का है, हम सभी आवश्यक बचाव करते रहें इस विषम पारिस्थिति में ऑनलाइन शिक्षण के जो प्रयास किये जा रहे वे बेहद सराहनीय हैं। आप सभी इस हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑनलाईन शिक्षण व्यवस्था के जरिए हमें विद्यार्थियों के कॅरियर के महत्वपूर्ण समय को उपयोगी बनाना है। विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं सलाह की आवश्यकता है। उन्होनें विद्यार्थियों को भी साहस एवं धैर्य के साथ अपने अध्ययन को जारी रखना है वे निराश न हो समय–समय पर अपने शिक्षकों से परामर्श लेते रहें।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जिक्र करते हुए उनके शिक्षको के प्रति सम्मान को बताया। अपनी बातों को कम शब्दों में कहना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी और उन्होंने कहा की जिनसे से भी हमने इस जीवन में कुछ सीखा है उनके प्रति धन्यवाद करें।

विज्ञान संकायप्रमुख डॉ. आरती गुप्ता ने कहा गुरुजन ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके शिल्प से मिट्टी रूपी शिष्य एक लाजवाब मूर्ति में बदल जाता है, उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में घटित एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने अपने वरिष्ठ से समय की पाबंदी सीखी।

रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि आज के इस विशेष दिन पर छात्राओं के लिए काउंसिलिंग सेशन वेबिनार के माध्यम से रखा गया था जिसमे छात्राओं ने कहा वे महाविद्यालय खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं हालाँकि वर्तमान परिस्थिति से चिंतित भी है।

रासेयो प्रभारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा इस समय ने हमे बहुत कुछ सिखा दिया है आगे भी इस संक्रमण का सामना एकजुटता से करना होगा इसके साथ ही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

Patankar Girls P.G. College DURG Dr. W.W.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.10.2020

## प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज में

## छत पर खेती में रोजगार के अवसर

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा "न्यू ट्रेंड्ज फॉर कैरीअर : रूफ टॉप ऑर्गानिक फॉर्मिंग" (छत पर खेती में रोजगार के अवसर) पर वेबीनार का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेश्मा लाकेश ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को छत पर खेती करने हेतु जागरुक एवं प्रेरित करना है। कोविड–19 के कारण युवा उपलब्ध साधनों एवं घर से ही कार्य एवं व्यवसाय कर सकते हे और औषधीय पौधे, जड़ी–बूटियाँ, मसाले, फूल, घरेलू पौधे, फल–सब्जियों का क्रय – विक्रय एवं गार्डन कन्सल्टेंट एवं डिजाइनर भी बन सकते है।

प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा की वेबीनार की श्रृंखला हमारे स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य शामिल है। फल–सब्जियों में प्रयुक्त रसायन स्लो पाईजन का कार्य करते है, छत पर खेती से ना सिर्फ सुरक्षित ऑर्गैनिक फल–सब्जियाँ प्राप्त होती, साथ ही ये समय का उचित उपयोग एवं सुकून प्रदान करता है।

प्रमुख वक्ता श्री प्रतीक तिवारी सी.ई.ओ. लिविंग ग्रीन्स, जयपुर ने बताया की शहर के घरों की खाली पड़ी छतों पर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग करके लोगों की सब्जियों की अवश्यकता को पूरा कर सकते हैं एवं युवा ना सिर्फ अपनी व्यक्तिगत उपयोग हेतु अपितु व्यवसाय के रूप में इसे अपना सकते हैं, जिसके लिए उचित प्रशिक्षण भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया ।

छत पर खेती की उन्नत तकनीक एवं नवाचार तरीकों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबीनार में छात्र– छात्राएँ, प्राध्यापक, गृहणियाँ, बिल्डर्ज आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती ज्योति भरणे ने आभार प्रदर्शित किया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College. Durg (C.G.)

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.10.2020

# प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
## टेलेन्ट शो स्पर्धा आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में टेलेन्ट शो स्पर्धा का ऑनलाईन प्लेटफॉर्म में आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से 65 प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

स्पर्धा की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्‌देश्य छात्राओं की कौशल कला एवं आत्मनिर्भरता के अवसर तथा उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में पुरानी सामग्रियों को बेहतर प्रयोग कर नया लुक व उपयोगिता प्रदान की गयी।

इसमें 3 केटेगरी रखी गयी थी जिसमें पुरानी साड़ी चुन्नी, जीन्स और टी–शर्ट श्रेणी थी। महाविद्यालय में प्रति वर्ष गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं द्वारा बनाई गयी वस्तुओं की कला–प्रदर्शनी का विशाल आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष कोविड–19 के कारण ऑनलाईन मोड पर इसे प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार की दिशा में इस तरह के आयोजन बेहतर परिणाम देते है। पढ़ाई के साथ–साथ विद्यार्थियों के हुनर को प्रोत्साहित करना आज के समय की महती आवश्यकता है।

इस स्पर्धा में विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें पुरानी साड़ी से निर्मित वस्तुओं में प्रथम स्थान पर शास. इंदुर केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर की कु. दुर्गेश्वरी मरकाम एवं कन्या महाविद्यालय दुर्ग की कु. निकिता साहू रही, द्वितीय स्थान पर शास. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर की कु. आयुषी सोनी तथा निधि यादव (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) एवं सोनम सेन (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) रही।

द्वितीय केटेगरी मे पुरानी जिंस से बनी सामग्री में प्रथम स्थान खुश्बू साहू शास. डी.बी. गर्ल्स कॉलेज रायपुर तथा द्वितीय स्थान पर इसी महाविद्यालय की कु. रूपाली देवांगन रही।

पुरानी टी–शर्ट केटेगरी में शिवकली गिरी, कन्या महाविद्यालय, दुर्ग प्रथम तथा शास. नेहरू पीजी महाविद्यालय, डोंगरगढ़ की कु. शुभांगी द्वितीय स्थान पर रही।

इस स्पर्धा में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब अहमदाबाद की कु. धारवी मेहता कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अहमदाबाद को विशेष पुरस्कार दिया गया।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि बड़ी संख्या में छात्राओं ने भागीदारी की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बधाई दी है।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

Patankar Girls P.G. College, Govt. Dr. W.W. DURG

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
PRINCIPAL
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
Govt. Dr. W. W. Patanka
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

टेलेन्ट शो स्पर्धा आयोजित







Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College ★ DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.10.2020

# प्रेस विज्ञप्ति
# गर्ल्स कॉलेज में
# गरबा स्पर्धा आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा नृत्य कार्यक्रम "देशी डे" का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष यह कार्यक्रम ऑनलाईन एकल गरबा नृत्य स्पर्धा के रूप में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के नृत्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की।

मुख्यअतिथि श्रीमती मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को युवा पीढ़ी तक पहुँचाना और संरक्षित रखना हमारा कर्त्तव्य है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाने में सहायक होते है।

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि गरबा स्पर्धा एवं माटी शिल्प कार्यशाला महाविद्यालय की पहचान बन गयी है। हर संकाय की छात्राएँ इसमें बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लेती है जो शैक्षणेत्तर गतिविधियों की सफलता को इंगित करता है। डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और छात्राओं के उत्साह को बढ़ाना इन आयोजनों की वास्तविकता है।

संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि ऑनलाईन प्लेटफार्म पर आयोजित इस स्पर्धा से बहुत से लोगों को इससे जुड़ने का अवसर मिला है। बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता से निर्णायकों को चुनाव करने में अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ी। इस स्पर्धा में कोरोना के संदेश को भी शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम का विशेषता थी कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत महाविद्यालय के जोड़ीदार राज्य गुजरात के शासकीय महिला पॉलिटेक्नीक, अहमदाबाद (गुजरात) की छात्राओं ने अपनी विशेष प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में प्रथम कु. शारदा यादव, द्वितीय कु. प्रियंका चांदवानी एवं तृतीय कु. अपूर्वा दीक्षित रहीं। वहीं कोरोना संदेश गरबा के माध्यम से देने के लिए विशेष पुरस्कार कु. विभा कसेर को दिया गया।

सांत्वना पुरस्कार में कु. काजल, कु. निकिता, कु. प्रियंका, कु. विजयलक्ष्मी, कु. शिवानी तापड़िया का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई–प्रमाणपत्र दिया गया।

आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि छात्राओं में ऊर्जा और प्रतिभा को उभारने यह प्रयास सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक, छात्राएँ जुड़ी।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG


(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College Durg (C.G.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

## गर्ल्स कॉलेज में
## गरबा स्पर्धा आयोजित






Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.12.2020

## प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
## रेडरिबन क्लब द्वारा ऑनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के रेडरिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि एड्स जागरूकता अभियान के लिए महाविद्यालय की इकाई को विगत सत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इस वर्ष यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा बनाई गई शार्ट विडियो फिल्म की सराहना हुई है जिसके लिए कु. सोनम सेन को पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने विजयी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. आंचल कन्नौजे रही, द्वितीय एवं तृतीस स्थान पर ऐनी धृतलहरे एवं श्रेया पाण्डेय रही।

पोस्टर प्रतियोगिता में कु. रिया बरले प्रथम कु. रोशनी द्वितीय एवं मनीषा गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

स्लोगन प्रतियोगिता में खुश्बू कश्यप प्रथम कु. प्रज्ञा मिश्रा द्वितीय एवं कु. गीतांजली साहू तृतीय स्थान पर रही।

जीआईएफ पर कु. निकिता साहू प्रथम, आरती यादव द्वितीय एवं महिमा चटर्जी को तृतीय स्थान मिला। सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College, DURG (C.G.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2021

## प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में युवा दिवस

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में 12 फरवरी को युवा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेडरिबन क्लब द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी युवा पीढ़ी के आदर्श है। उनके जीवन से देशप्रेम, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश मिलता है।

रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रेडरिबन क्लब की ओर से युवा दिवस पर ऑनलाईन स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी तथा बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्राएँ उपस्थित थे।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College DURG

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patanka
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.04.2021

## गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर भूतपूर्व और वर्तमान छात्राओं का सम्मिलन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर भूतपूर्व और वर्तमान में नृत्य विषय अध्ययनरत छात्राओं का सम्मिलन समारोह ऑनलाईन आयोजित किया गया। देश के अलग–अलग हिस्सों में निवासरत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भगीदारी की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिये यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस अंचल में केवल यहीं नृत्य स्नातक स्तर पर विषय के रूप में पढ़ाया जाता है और छात्राओं में इसे सीखने की अत्यधिक रूचि भी है।

विभाग की पूर्व छात्रायें अपने–अपने स्थानों पर अपना नृत्य का हुनर बनाये और रूचि बचाये हुये हैं यहीं सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस विषय में स्नातकोत्तर कक्षायें भी आरंभ करने हेतु शासन स्तर पर पहल की जायेगी।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम छात्राओं ने भूमिवंदना की जो कि अद्भुत संगत को परिभाषित कर रहा था। इसके पश्चात् सर्वप्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. दीपिका साहू ने जीवन और नृत्य को जोड़ते हुए कविता पाठ किया। बी.ए. प्रथम की कु. शेफाली सेन ने विश्व नृत्य दिवस की अवधारणा को बताते हुए नृत्य को आत्मा से जोड़ने वाली कहा।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निकिता पाण्डेय ने कहा कि यहाँ से निकलने के बाद वे छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सिखाने की कोशिश कर रहीं है। विभा कसेर ने कहा कि– भरत नाट्यम सीखने से स्वयं में अनुशासन की अनुभूति हुई हैं।

बी.ए. अंतिम की छात्रा रिया टेम्बुरकर ने बताया कि – शास्त्रीय नृत्य सीखने से उन्हें अन्य नृत्य को समझना आसान हुआ और वे कोरियोग्राफी के क्षेत्र में जाना पसंद करेगी। वहीं जम्मू में छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य भरत नाट्यम का प्रशिक्षण देने वाली कीर्ति कश्यप ने कहा कि इस महाविद्यालय में प्राथमिक तौर पर भरत नाट्यम सीखना उनके जीवन का सबसे अच्छा अनुभव रहा। वे अपने बच्चों को भी यह नृत्य सिखा रही हैं।

बी.ए. द्वितीय वर्ष की शारदा एवं काजल ने बताया कि वे इस महामारी के बचाव के संदेश पर छोटा सा नृत्य तैयार कर रही है जिसे शीघ्र ही वेबसाईट पर हम देख सकेंगे।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि स्नातक स्तर पर हर तरह की छात्रायें प्रवेश लेती हैं। कुछ में शीघ्र सीख लेने की प्रतिभा होती है कुछ को समय लगता है किन्तु दोनों ही तरह की छात्रायें यहाँ के अनुभव को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करती हैं और महाविद्यालय से जाने के बाद भी विभाग से जुड़ाव महसूस करती है।

इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक शबीना बेगम ने आभार व्यक्त किया और साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्कूली जीवन में नृत्य पसंद करती थीं लेकिन महाविद्यालय में नृत्य लेने के बाद उन्हें अनेक स्थानों में प्रदर्शन करने का मौका मिला और इसमें उन्होनें विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया। इस डिजिटल कार्यक्रम में नृत्य विषय की अनेक छात्रायें उपस्थित थी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College, Durg (C.G.)

Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College ★ Govt. DURG










Patankar Girls P.G. College
DURG
Govt. Dr. W.W.

S.L

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P. G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.05.2021

## गर्ल्स कॉलेज में टीकाकरण पर अभियान
## "है तैयार हम" ...... कार्यशाला

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई के द्वारा 18+ के लिए प्रारंभ टीकाकरएर अभियान हेतु जागरूकता कार्यक्रमों "है तैय्यार हम" का शुभारंभ किया गया।

आनॅलाईन राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ जिसमें विशेषज्ञों ने टीकाकरण के महत्व, उपयोगिता को बताया वहीं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि वैक्सीन से अच्छा सुरक्षा कवच कोई नहीं है। विशेषज्ञों की राय में वैक्सीन से फायदा यह है कि कोरोना संक्रमण हुआ भी तो 99 प्रतिशत मरीजों का ईलाज घर पर ही हो सकेगा और संक्रमण भी कम होगा।

उन्होनें आव्हान किया कि युवा वर्ग आगे बढ़कर वैक्सीन लगवाकर कोरोना से परिवार और देश को सुरक्षित करने की महती जिम्मेदारी निभाये।

वेबिनार की संचालक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि देश को इस महामारी से बचाने के लिए वैक्सीन एक बड़ा शस्त्र है, यह टीका ही हमें सुरक्षित कर सकेगा। उन्होनें यूथ रेडक्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को इस अभियान में सक्रिय होकर कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में वैक्सीन के संबंध में जानकारी देने वीडियों फिल्म भी दिखाई गयी।

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शमा हमदानी ने विद्यार्थियों से कहा कि वैक्सीन आज की परिस्थितियों से मुकाबला करने सबसे बेहतर उपाय है। वैक्सीन का मुख्य कार्य हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना है। हम सभी जानते है कि हमारा शरीर विभिन्न रोगों से तभी अच्छी तरह लड़ पाता है जब हमारे अंदर इम्यूनीटि अच्छी होती है। कोरोना वायरस से हमारे शरीर को लड़ने की ताकत इस वैक्सीन से आती है।

उन्होनें बताया कि टीके लगवाने के बाद भी यदि कोरोना संक्रमण हुआ तो हमें वह ज्यादा नुकसान नहीं पहुँचा पाएगा। वैक्सीन से सबसे बड़ा फायदा यदि हम कोरोना पॉजीटिव के संपर्क में आते हैं तो भी हमें कम जोखिम रहेगा।

डॉ. शमा हमदानी ने वैक्सीन के सबंध में फैली विभिन्न भ्रांतियों की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लगाने के बाद हल्का बुखार, सिरदर्द या चक्कर आ सकते है जो की सामान्य अवस्था में भी हम इनका सामना करते रहते है। यह संकेत देता है कि वैक्सीन हमारे शरीर में अपना कार्य कर रही है।

प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने विभिन्न संदेशात्मक विडियों के माध्यम से अपनी बात रखी।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएँ जुड़ी तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया। अंत में डॉ. रेशमा लाकेश ने आभार व्यक्त किया।

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar Girls P.G. College, Durg (C.G.)